# फतेहाबाद में गुंडागर्दी की हद: चोरों की पहचान बताई तो मारपीट कर दो युवकों को उठा ले गए दबंग

### फतेहाबाद कस्बे के बाह रोड का मामला, सीसीटीवी में कैद हो चुकी है पूरी वारदात, पुलिस बोली- अभी सूचना नहीं मिली



**आगरा।** जनपद के थाना फतेहाबाद क्षेत्र में खुलेआम कानून को ठेंगा दिखाया गया है। कस्बे में बाह मार्ग के पास चौराहा स्थित एक दुकान में बैठे दो युवकों के साथ दर्जनभर दबंगों ने पहले जमकर मारपीट की और फिर उन्हें जबरन मैक्स गाड़ी सहित उठाकर ले गए। वारदात की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना बसई अरेला के नगला भरी गांव में दो दिन पहले हुई दूध की टंकी चोरी से जुड़ी बताई जा रही है। नगला भरी गांव के ही युवक सुनील और अतुल ने रात के समय मैक्स सवार चोरों द्वारा की गई एक दर्जन से अधिक दूध की टंकियों की चोरी की सूचना पुलिस को दी थी। पीड़ित युवकों ने चोरों की पहचान भी बताई थी। इसी बात से नाराज़ होकर दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति के कुछ लोगों ने युवकों को सबक सिखाने के लिए इन दोनों युवकों के ताऊ की दुकान पर धावा बोला। दोनों युवक ताऊ की दुकान पर आए हुए थे। वहां मौजूद दोनों युवकों के साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि उन्हें जबरन गाड़ी में डालकर अपहरण कर लिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।फिलहाल पुलिस का कहना है कि उसे अभी इस घटना के बारे में कोई सूचना नहीं दी गई है। हालांकि इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो गया है, जिसमें दोनों युवकों से मारपीट और फिर बाद में मैक्स गाड़ी में डालकर ले जाते देखा जा सकता है। राहुल ने बताया कि दूध की पांच टंकियां चोरी हो गई थीं। उनके गांव से पांच और दूसरे गांव से दस केन दूध चोरी हुई थी। उनके चाचा सुनील और भाई अतुल दूध लेकर एक कोल्ड स्टोरेज पर ले जा रहे थे। जिन लोगों ने दूध की टंकिया चोरी की थी, वही लोग उनके चाचा और भाई को मारपीट कर उठा ले गये हैं। पुलिस का कहना है कि उन्हें अभी तक इस घटना की कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। हालांकि, घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

# चंबल नदी से निकलकर गांव में पहुंचा मगरमच्छ: भैंस के तबेले में घुसा, 2 घंटे की मशक्कत के बाद वन विभाग ने पकड़ा



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** पिनाहट ब्लॉक के गांव प्रजापुरा में एक विशाल मगरमच्छ किसान के घर तक पहुंच गया। सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों की नजर जब मकान के पास पड़े मगरमच्छ पर पड़ी, तो अफरा तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। पिनाहट ब्लाक के प्रजापुर गांव में किसान जल सिंह रहते हैं। जल सिंह ने बताया रविवार सुबह वो खेत पर जाने के लिए उठे। उन्होंने देखा कि घर के बाहर कीचड़ में एक मगरमच्छ है। वो सहम गए। उन्होंने घरवालों और आसपास के लोगों के मगरमच्छ के चंबल नदी से गांव में आने की जानकारी दी। लोग एकत्रित हो गए। लोगों को देखकर मगरमच्छ उनकी और दौड़ा। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा और फिर चंबल नदी में छोड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार, गांव के पास बहने वाली चंबल नदी में इन दिनों पानी का स्तर बढ़ा हुआ है। जिसके चलते मगरमच्छ रिहायशी इलाके में आ गया। समय रहते वन विभाग द्वारा किया गया यह रेस्क्यू अभियान एक बड़ी अनहोनी को टालने में सफल रहा। गांव में मगरमच्छ की मौजूदगी से दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क किया जाए और ऐसे जंगली जीवों पर नजर रखने के लिए गश्त बढ़ाई गई।

# निष्पक्ष पत्रकारिता से क्षेत्र में अपना अलग मुकाम बनाने वाले मनोज शर्मा बने पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के कद्दावर पत्रकार मनोज कुमार शर्मा की कार्यकुशलता एवं पत्रकारों के प्रति निष्ठा को देखते हुए पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन (रजि) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी से गहन विचार विमर्श कर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैसे जिम्मेदार पद पर मनोनीत किया, शर्मा वर्तमान में किसी पहचान के मोहताज नहीं है देश के तमाम उन समाचार पत्रों और चैनल से जुड़े हैं जो आमजन की समस्याओं को और सत्यता को निर्भीकता के साथ प्रकाशित और प्रसारित करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल, एवं पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव हरिहरदेव पांडेय एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मुख्य शाखा मिथिलेश दुबे, युवा अध्यक्ष संजीव तिवारी एवं संस्थापक महोदय राजेंद्र प्रसाद पांडे सहित सभी राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा मनोज कुमार शर्मा की नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मनोज कुमार शर्मा का संगठन संचालन करने का अनुभव पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन को मजबूत करने में अहम कार्य निभाएगा निश्चित ही मनोज कुमार शर्मा जैसे अनुभवी पत्रकारों के सफल मार्गदर्शन में संगठन के साथ काम कर रहे पत्रकारों को भी लाभ मिलेगा। मनोज कुमार शर्मा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पर मनोनीत किए जाने पर वरिष्ठ पत्रकार गोपाल चतुर्वेदी, दिनेश कुमार पंकज,





भानु प्रकाश, यज्ञदत्त चतुर्वेदी, प्रतीक चतुर्वेदी, अभिषेक सिंह, संतोष कुमार, आलोक तिवारी, समाज सेवी विवेक अग्रवाल, मृदुल कुलश्रेष्ठ, अमित कौशिक अनिल कुमार सक्सेना एबीपी संपादक, संजय कुमार पत्रकार, नीरज कुमार शर्मा मंजीत पाल, संध्य पहल के संपादक सन्तोष कुमार शर्मा जैसे प्रदेश के प्रख्यात पत्रकारों ने शुभकामनाएं दी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद ग्रहण करने के बाद मनोज कुमार शर्मा द्वारा संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि संगठन ने जो दायित्व मुझे प्रदान किया है निश्चित उस पद की गरिमा को बढ़ाने के साथ साथ संगठन की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाने का कार्य पूरे लगन के साथ करूंगा। शर्मा ने कहा कि हमारे पत्रकार साथियों को समाचार संकलन के लिए एक जगह से दूसरी जगह के लिए यात्रा करनी पड़ती है ! लोकतंत्र के चौथे स्तंभ से जुड़े पत्रकार साथी कितनी ही कठिनाइयों और तकलीफों का सामना करते हुए सत्यता के आईने को आमजन के समक्ष रखते हैं ! और ऐसे में टोल टैक्स मैं पत्रकारों को छूट मिले यह उनकी प्राथमिकता रहेगी। मनोज कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल को पुनः एक बार और धन्यवाद करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की आशा के अनुरूप संगठन हित में कार्य कर संगठन के हर एक पत्रकार साथी का पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

# एटीएम से 500 की जगह निकले 1100, लोगों की लगी भीड़

### पुलिस ने पहुंचकर भगाया, शटर किया बंद




**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** जनपद के मलपुरा के नगला बुद्धा में एटीएम से ज्यादा रुपए निकलने का मामला सामने आया है। एटीएम से 500 रुपए निकालने पर 11 सौ रुपए निकल रहे थे। इसकी जानकारी होने पर रुपए निकालने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। करीब 50 से 60 लोगों ने रुपए निकाल भी लिए। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने एटीएम को बंद कराया। बताया जा रहा है कि तकनीकी खराबी के चलते ऐसा हुआ। 1100 रुपए निकलने का वीडियो वायरल हो रहा है। नगला बुद्धा के पास वन इंडिया का एटीएम है। शनिवार शाम को कुछ लोग एटीएम से रुपए निकालने गए। उन्होंने 500 रुपए निकाले तो 1100 रुपए निकले। उनको कुछ समझ नहीं आया। उन्होंने दोबारा 500 रुपए निकालने का विकल्प चुना तो फिर से 1100 रुपए निकले। उन्होंने ये बात अपने मिलने वालों को बताई। इसके बाद तो एटीएम पर रुपए निकालने की भीड़ लग गई। लोग 500 रुपए निकालने लगे। हर कोई 1100 रुपए लेकर जाने लगा। जिन्होंने 500 रुपए से ज्यादा का विकल्प चुना, उसको ज्यादा अमाउंट नहीं मिली। एटीएम के बाहर भीड़ लग गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मलपुरा पुलिस एटीएम पर पहुंची। पुलिस ने एक युवक से 500 रुपए निकलवा कर देखे तो उसके भी 1100 रुपए निकले। इसके बाद पुलिस ने सभी को एटीएम से बाहर कर शटर गिरा दिया।

**खाते से 500 रुपए कटे**

एटीएम से रुपए निकालने वाले सोनू ने बताया कि उसने एटीएम में रुपए निकालने के लिए 500 रुपए के विकल्प को चुना था। इसके बाद 1100 रुपए निकले। उसके एकाउंट 500 रुपए ही कटे। बताया गया कि करीब 50 से ज्यादा लोग 500 रुपए निकालकर 1100 रुपए ले गए।

# पालिकाध्यक्ष ने किया इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण

**हाथरस।** नगर पालिका परिषद द्वारा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत वार्ड नंबर 18 चमन बिहार में सी0सी0 इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण किया गया। यह कार्य श्री कृष्ण के घर से सोनालिका तक कराया गया है। इस कार्य का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता चौधरी द्वारा विधिवत रूप से किया गया। साथ में वार्ड नं0 18 के सभासद दिनेश उपाध्याय की उपस्थिति रही इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पालिका निरंतर कार्य कर रही है। इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण से स्थानीय निवासियों को आने-जाने में सुविधा होगी तथा क्षेत्र का सौंदर्य भी बढ़ेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य के लिए नगर पालिका एवं पालिकाध्यक्ष का आभार प्रकट किया। लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजेश कुमार दिवाकर, अशोक गोला, श्याम अग्निहोत्री, जगवीर सिंह, संदीप सिंह सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रीय जनता की उपस्थित रही।

# रक्त दान कर बचाई जान

**हाथरस।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स की जीवन बचाने की मुहिम जारी है आज एक महिला को सबसे रेयर ग्रुप एबी नेगेटिव रक्त की बहुत आवश्यकता थी परिजन रक्त की व्यवस्था के लिए बहुत भागदौड़ कर रहे थे और महिला की डिलीवरी नहीं हो पा रही थी इतना रेयर ग्रुप का रक्त नहीं मिल पा रहा था रक्त आपूर्ति के लिए राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय के पास फोन आया और वह रक्त की व्यवस्था में लग गये बहुत ही रेयर ग्रुप एबी नेगेटिव के रक्तवीर श्याम सुंदर शर्मा( बंटी भईया ) को फोन किया योगिनी एकादशी का व्रत होने के बाबजूद भी बंटी भईया इस ईश्वरीय कार्य के लिए सहज तैयार हो गये और साथ ही चल दिये ब्लड बैंक पहुंच कर बंटी भईया ने रक्तदान किया और कहा कि एडीएचआर के माध्यम से हमें भी ईश्वरीय कार्य करने का मौका मिलता है और आज योगिनी एकादशी के दिन ऐसा ईश्वरीय कार्य होना ही हम ईश्वर की कृपा मानते हैं और भविष्य में भी समय-समय पर इस रक्तदान जैसे ईश्वरीय कार्य को करते रहेंगे वहां मौजूद परिजनों ने बंटी भईया का बहुत बहुत आभार प्रगट किया व्यवस्था मे लगे जिला महासचिव शैलेंद्र सांवलिया ने कहा कि एडीएचआर रक्त की आपूर्ति के लिए पूर्ण प्रयास कर मरीजों को राहत प्रदान करना अपना धर्म मानती हैं और प्रयास करती है कि रक्त की कमी से किसी की भी जान ना जाये।

# 21 है योग पीएम का शोर नृत्य कर मोर बनेगा

**हाथरस।** जो करेगा योग रहेगा निरोग, रोग से मुक्त रहेगा। 21 है योग पीएम का शोर नृत्य कर मोर बनेगा। मोर, मोर वंश मोर जीवन में शोर रहेगा...... यह कविता काव्य के क्षेत्र में उभरते नवोदित कवि नैतिक दीक्षित ने जैसे ही मंच पर संपन्न की तालियों का शोर गूंज उठा। यह कविता उन्होंने योग दिवस के अवसर पर मंच पर साझा की। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी ने योग दिवस के लिए 21 जून ही क्यों चुना, उन्होंने बताया कि हमेशा आगे बढ़ाने सफलता का जो प्रमापक है वह अंक 21 ही है। उन्होंने यह भी बताया कि काव्य पाठ का मार्ग उसे मां मनु दीक्षित से मिला है। वह ब्रज के द्वार देहरी कहे जाने वाले ÷हाथरस÷ के रुई की के रहने वाले हैं और यहां से उन्होंने कन्हैयालाल जी मेला से काव्य पाठ का सफार आरंभ किया था। वह सरस्वती विद्या मंदिर, इंटर कॉलेज, हाथरस में बतौर इंटर का छात्र है। नैतिक ने बताया कि संस्कार भारती संस्था का सदस्य है। उसने बताया कि उसने खास कर लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज, हाथरस में मंडलीय कवि सम्मेलन के अलावा अन्य कई काव्य मंच साझा किये हैं। इसके अलावा आकाशवाणी अन्यत्र काव्य गोष्ठियों में भी उसकी कविताओं को सराहा गया है। उसकी आकांक्षा है कि वह भी काका व बाबा निर्भय की तरह ब्रज की द्वार देहरी ÷हाथरस÷ का नाम विश्व पटल पर स्वर्ण अक्षरों में लिख सके।

# जन सहयोग संगठन ने उठाई ब्राह्मण समाज की आवाज: समाज की समस्याओं को लेकर वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** शनिवार 21 तारीख को जन सहयोग संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल ब्राह्मण समाज की जन समस्याओं को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी सूर्य प्रताप शुक्ला एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जी से एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्याल प्रभारी दीक्षित जी से एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी एवं वरिष्ठ नेता लोगों से मुलाकात कर ब्राह्मण समाज की जन समस्याओं को लेकर चर्चा की, जिसमें लगातार हो रहे ब्राह्मण समाज पर अत्याचार को लेकर चर्चा की गई द्य आए दिन ब्राम्हण समाज पर हो रहे अत्याचार और बिना वजह लग रहे मुकदमे को लेकर जन सहयोग संगठन ने उपमुख्यमंत्री व अन्य वरिष्ठ अधिकारियो को ज्ञापना दिया जिसमें सभी अधिकारियो को अवगत कराया क़ी लगातार ब्राह्मण समाज पर आताचार हो रहा है, जिसके कारण ब्राह्मण समाज के लोगो को काफी मानसिक छाती पहुँचती है द्य जन सहयोग संघठन ने आगे ऐसे ना हो इस बात पर भी आला अधिकारियो के साथ भी चर्चा की। ज्ञापन मैं जन सहयोग संगठन राष्टीय अध्यक्ष ब्राह्मण शिरोमणि मनोज शर्मा राष्टीय संचालक ब्राह्मण शिरोमणि आरती शर्मा ब्राह्मणवादी प्रदेश संगठन अध्यक्ष संजय शर्मा प्रदेश संगठन महामंत्री जितेंद्र पचौरी प्रदेश संगठन मंत्री मनीष उपाध्याय प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष पिंकी शर्मा एवं सभी वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तार चोर गिरोह के 3 बदमाश गिरफ्तार: किसानों के ट्यूबवेल से चोरी करते थे, दो तमंचे और चोरी का माल बरामद

### शमसाबाद क्षेत्र में किसानों को राहत, मुठभेड़ के बाद फरार चल रहे थे आरोपी, रेकी करके करते थे वारदात




**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** जनपद में शमशाबाद पुलिस और सर्विलांस टीम ने तार चोर गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश पहले रैकी करते थे और फिर किसानों के ट्यूबवेल से तार चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। ये चोर पहले क्षेत्र में रैकी करते थे, फिर मौका देखकर समरसेबल पंपों और तांबे के तारों की चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो समरसेबल, 50 किलो कॉपर तार और सिल्वर तार के साथ दो तमंचे बरामद किए हैं। इससे पहले पुलिस ने एक मुठभेड़ में गिरोह के एक सदस्य मनोज को गिरफ्तार किया था। उस दौरान तीन अन्य बदमाश फरार हो गए थे। अब पुलिस ने इन तीनों फरार बदमाशों को भी दबोच लिया है। इस गिरोह का तरीका था कि पहले वे क्षेत्र में रैकी करते और फिर रात के अंधेरे में किसानों के ट्यूबवेल से तार चुराते थे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में तार चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद है।एसीपी शमशाबाद गिरीश कुमार ने बताया कि पकड़े गए चोरों मे ओम प्रकाश पुत्र भगवान दास निवासी गांव नगला मदे थाना डौकी, संदीप पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव नगला मदे थाना डौकी व कपिल उर्फ निक्की पुत्र राजेश निवासी धनौली थाना मलपुरा शामिल हैं। इनका एक साथी मनोज 2 दिन पूर्व हुई पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया जा चुका है। उसके कब्जे से मैक्स गाड़ी भी बरामद की गई, मुठभेड़ के दौरान यह सभी लोग फरार हो गए थे, जिन्हें थाना शमशाबाद पुलिस और सर्विलांस की टीम ने गिरफ्तार किया है।

**पुलिस और सर्विलांस की संयुक्त कार्रवाई**

इस पूरी कार्रवाई को शमशाबाद थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने मिलकर अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरोह के सभी सदस्यों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है, और अन्य संभावित वारदातों से भी जोड़कर पूछताछ की जा रही है।

**तीनों अपराधियों पर दर्जन भर से ज्यादा मुकदमे-एसीपी**

एसीपी शमसाबाद गिरीश कुमार ने बताया कि किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने लगातार निगरानी की और सर्विलांस के जरिए लोकेशन ट्रैक करते हुए आरोपियों को पकड़ा है। आगे भी इस तरह की गिरोहों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि यह गैंग पिकअप में चलता था। दिन में रैकी और रात में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। इस गैंग ने जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी वारदातें की हैं।

# खुले में शराब पीने वालों पर पुलिस ने की कार्यवाही : 573 व्यक्तियों को दिलाई शपथ, 470 वाहनों के चालान 9 वाहन सीज

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** सार्वजनिक स्थलों पर खुले में शराब,अब नहीं चलेगा जनाब बता दे की पुलिस आयुक्त,आगरा श्री दीपक कुमार के निर्देशन में आगरा पुलिस द्वारा कमिश्नरेट आगरा में 21 जून को सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध चलाया जा रहा है विशेष अभियान अभियान के अंतर्गत कुल 573 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही एवं 470 वाहनों का चालान व 09 वाहनों को सीज कर, भविष्य में ऐसा न करने की दिलायी गई शपथ। पुलिस आयुक्त, श्री दीपक कुमार के कुशल निर्देशन में सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त नगर, सोनम कुमार पुलिस उपायुक्त पूर्वी सैयद अली अब्बास व पुलिस उपायुक्त पश्चिमी अतुल शर्मा को कमिश्नरेट आगरा के समस्त थानों में सार्वजनिक स्थलों पर खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 21 जून 2025 को चलाये जा रहे अभियान में आगरा पुलिस द्वारा कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 573 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई एवं 470 वाहनों का चालान भी किया गया व 09 वाहनों को सीज किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य न केवल कार्यवाही करना था, बल्कि लोगों को जागरूक करते हुए सुधार की दिशा में प्रेरित करना भी था, जिसके तहत उक्त सभी व्यक्तियों को भविष्य में ऐसा न करने की शपथ भी दिलाई गई, जिससे समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनके आचरण में सुधार लाया जा सके। आगरा पुलिस का यह प्रयास कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक और ठोस कदम है।

## खंदौली सड़क से कहां छोड़ा जाए पानी पता लगाने में विभागों के अधिकारियों से लेकर इंजीनियर नाकाम



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग खंदौली में सड़क पर जलभराव की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया खंदौली पहुंचे। उन्होंने बताया की आये दिन सड़क पर जलभराव की सूचना मिल रहीं है। इसलिए मुझे क्षेत्र की जनता के लिए आना पड़ा। उन्होंने मलूपुर तिराहे से लेकर यमुनाएक्सप्रेस वे इंटरचेंज तक उच्च अधिकारियों के साथ निरक्षण किया। उन्होंने देखा की यहां कोई हल नहीं निकल रहा है तो वो ब्लॉक कार्यालय पहुंचे जिसमे उन्होंने थाना प्रभारी राकेश चौहान नायब तहसीलदार हेमंत चौधरी, लेखपाल महादेव सिंह, ब्रजभूमि कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारी विनय वर्मा के साथ बैठक की। लेकिन वहां भी कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने बताया की सड़क से कहां छोड़ा जाए पानी ये पता लगाने में विभागों के अधिकारियों से लेकर इंजीनियर नाकाम हो रहे है। भाकियू जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया ने अधिकारियों से जल्द से जल्द जलभराव की समस्या समाधान की मांग की। समाधान ना होने पर भाकियू ने धरने की चेतावनी दी। इस मोके पर भारतीय किसान यूनियन के गिर्राज सिंह नौहवार उत्तर प्रदेश प्रचार मंत्री, मनीष पंडित, बंटू लवानियां, संजय उपाध्याय, कुलदीप ठेनुआ, भगवती उपाध्याय, धर्मेंद्र शर्मा, रामू जूरैल, आदि लोग मौजूद रहे।

## बरनाहल क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक जयपाल सिंह यादव का निधन, शांति यज्ञ के बाद दी गई श्रद्धांजलि



**बरनाहल (मैनपुरी)।** बरनाहल क्षेत्र के ग्राम सलूक नगर के रामगढ़ी निवासी सेवानिवृत्त जिलेदार जयपाल सिंह यादव के निधन के उपरांत रविवार को उनके निवास पर शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के पश्चात श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्रीय लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संवेदना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर धर्मवीर सिंह राही एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र सिंह यादव ने स्व. जयपाल सिंह यादव के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें एक सरल, मिलनसार और ईमानदार व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। बताया गया कि स्व. जयपाल सिंह यादव ग्राम पंचायत सचिव सुनील यादव के पिता थे। उनके निधन से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर है। श्रद्धांजलि सभा में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## जन्म दिवस पर केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर बघेल ने किए विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य



**आगरा।** आगरा के रामबाग पर माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री श्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल जी ने अपने 65 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में बाइक सवार लोगों को जो बिना हेलमेट के चलते है उनको हेलमेट वितरण किया और लोगों को जागरूक किया की हेलमेट पहन कर चले, हेलमेट हमारी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। आज हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुमन सुराना जी द्वारा लाइफ लाइन ब्लड बैंक,दिल्ली गेट आगरा पर आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री एस पी सिंह बघेल जी ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।शहर के कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ देकर एवं दुपट्टा पहनाकर 65 वे जन्मदिवस पर मंत्री जी का आदर सत्कार किया।संस्था के सदस्यों ने केक काट कर मंत्री जी का जन्मदिन मनाया।17 साल की 12 वी की छात्रा देवीना ने देर रात्रि तक जागकर अपने हाथों से मंत्री जी के लिए केक बनाया।

रक्तदान शिविर में श्रीमती सुमन सुराना जी,डॉक्टर प्रशांत माहेश्वरी जी, डॉक्टर कैलाश सारस्वत जी,पूर्व पार्षद संजय राय जी,रोहित कत्याल जी आदि उपस्थित रहे। आज अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री एस पी सिंह बघेल जी ने मानस नगर शाहगंज स्थित पार्क में संविधान निर्माता बाबा भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद पार्क में वृक्षारोपण किया।65 वे जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए।सभी उपस्थित जनो ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया।

## घूमने आई महिला की स्कूटी चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार: बेचने की फिराक में था, पुलिस ने दबोच लिया



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** पार्क के गेट के पास खड़ी स्कूटी चोरी करने वाले अभियुक्त को थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा किया गिरफ्तार। 18 जून को एक पीड़िता द्वारा थाना हरीपर्वत पर तहरीर दी गई कि 17 जून को पीड़िता अपनी स्कूटी से पालीवाल पार्क घूमने गई थी और उसने अपनी स्कूटी पार्क के गेट नं0 02 के पास खड़ी की थी, जब वह पार्क से बाहर निकल कर स्कूटी के पास पहुंची तो स्कूटी वहां नहीं मिली । किन्हीं अज्ञात चोरों द्वारा उसकी स्कूटी चोरी कर ली गई है 7 इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हरीपर्वत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। 21 जून को थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गस्त/चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर पालीवाल पार्क से स्कूटी चोरी करने वाले अभियुक्त को आरटीओ तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई एक्टिवा स्कूटी बरामद हुई ।

**बेचने के लिए ले जा रहा था पुलिस ने दबोच लिया**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद स्कूटी के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि बरामद एक्टिवा स्कूटी को उसने 17 जून को पालीवाल पार्क स्थित यूनिवर्सिटी के गेट के सामने से चोरी की है और वह इसे बेचने के लिये ट्रांसपोर्ट नगर ले जा रहा था। थाना पुलिस के मुताबिक पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम अरुण सैन पुत्र चन्द्र सेन निवासी जसवन्त नगर नुनिहाई रोड, नियर कैला देवी मन्दिर शाहदरा थाना ट्रांसयमुना बताया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में इंस्पेक्टर हरीपर्वत प्रदीप कुमार त्रिपाठी एसआई विक्रम सिंह एसआई गौरव कुमार गुप्ता, एसआई विनोद कुमार, महिला एसआई पूनम त्यागी प्रशिक्षु एसआई अशफाक कास्टेबल नितिन कुमार व अखिलेश कुमार शामिल रहे।

## खंदौली में ढाई करोड़ की लागत से बनी नवनिर्मित नाले की पुलिया हुई क्रेक, हाईवे को रोका, घटिया सामिग्री की हो जांच



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग खंदौली में सड़क पर ढाई करोड़ में नवनिर्मित हुए नाला निर्माण के दौरान हाईवे के बीच बनी पुलिया में दरारे आ गई है और पुलिया बैठ गई है जिसके कारण हाईवे पर जाम लगा रहता है। भारतीय किसान यूनियन के गिर्राज सिंह नौहवार उत्तर प्रदेश प्रचार मंत्री ने बताया की नाला की पुलिया में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इस कारण पुलिया का हिस्सा टूटने और गिरने लगा है। यह पुलिया आगरा अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग खंदौली गांव का मुख्य मार्ग है। इसकी खराब स्थिति से आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण में सस्ती और खराब सामग्री का इस्तेमाल कर अधिक पैसा कमाया गया है। घटिया सामिग्री से बने नाले व पुलिया की जांच हो इधर ब्रजभूमि टोल के अधिकारी विनय वर्मा ने बताया की जल्द मरम्मत कराकर सही कराई जायेगी।

## कार्यकर्ता सम्मेलन में हिन्दू महासभा ने कांग्रेस को वैचारिक आतंकवादी घोषित किया


सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा जिला फरीदाबाद कार्यकर्ता सम्मेलन में भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने और रामराज्य की स्थापना के साथ देश की जेहादमुक्त तथा आतंकवाद मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि सन 1947 में धर्म के आधार पर देश विभाजन और पाकिस्तान निर्माण के बाद शेष भारत पर केवल हिंदुओं का अधिकार है और भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करवाना प्रत्येक हिन्दू का जन्मसिद्ध अधिकार है। कांग्रेस ने देश की सत्ता संभालने के बाद हिंदुओं के साथ बहुत बड़ा छल किया और भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं होने दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने सम्मेलन में गर्जना करते हुए कहा कि कांग्रेस ने मुस्लिमों और वामपंथियों से भारत के इतिहास का विकृत लेखन करवाकर शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में शामिल किया और देश की भावी पीढ़ी को गुमराह कर अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध किया। इतिहास लेखन में हिंदुओं के विजेता पक्ष को बड़ी चालाकी से छिपाकर हिंदुओं के पराजय पक्ष को उजागर कर हिंदुओं को कमजोर सिद्ध करने और आक्रांता मुगल शासकों को महान सिद्ध करने का की नीति अपनाकर कांग्रेस ने बहुसंख्यक समाज के लिए शर्मनाक कृत्य किया। उन्होंने कांग्रेस को वैचारिक आतंकवादी घोषित करते हुए भारत सरकार से इतिहास का पुनर्लेखन करवाने की मांग की। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चंद्र शेखर भट्ट, राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता, हरियाणा प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्र स्वामी दिल्ली प्रदेश महामंत्री शिवा गोस्वामी का फरीदाबाद पहुंचने पर जिला कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। सम्मेलन में अमित कुमार को जिलाध्यक्ष और को मयान जुनेजा को जिला प्रभारी पद पर मनोनीत करते हुए प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्र स्वामी ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। अमित कुमार ने सम्मेलन में संक्षिप्त जिला कार्यकारिणी गठित करते हुए संजीव कुमार को महामंत्री, सचिन हंस को संगठन मंत्री , सौरभ हरजाई और जितेंद्र कुमार को मंत्री पद पर मनोनीत किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बताया कि सम्मेलन में वीर सावरकर के ÷ राजनीति का हिन्दूकरण और हिंदुओं का सैनिकीकरण ÷ के स्वप्न को साकार करने के लिए सम्मेलन में 12 हिन्दू योद्धाओं को शस्त्र और शास्त्र देकर सम्मानित किया गया। शस्त्र एवं शास्त्र वितरण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा प्रत्येक हिन्दू के घर में धार्मिक ग्रन्थ और घर के पूजाघर में पूजा के लिए बिना धारवाली तलवार पहुंचना हिन्दू महासभा का मिशन है, जो हिन्दू योद्धाओं को सम्मानित करने के आयोजनों के माध्यम से धीरे धीरे साकार हो रहा है। सम्मेलन के अंत में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह ने सम्मेलन में भारी संख्या में उपस्थित प्रतिनिधियों को हिन्दू राष्ट्र निर्माण और रामराज्य स्थापना का संकल्प दिलवाया। जय हिन्दू राष्ट्र और जय श्री राम के गगनभेदी नारों के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

## पसंद की लड़की से शादी न हो पाने पर हाईटेंशन लाइन के पोल पर चढ़ गया युवक

### फतेहाबाद क्षेत्र के शंकरपुर घाट पुल पर जमा हुई भारी भीड़, पुलिस ने समझा बुझाकर नीचे उतार लिया



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद के थाना फतेहाबाद क्षेत्र के शंकरपुर घाट पुल के पास आज उस समय सनसनी खैल गई जब एक युवक के आत्महत्या के इरादे से विद्युत हाई टेंशन लाइन पर चढ़ गया। यह दृश्य इतना खौफनाक था कि राहगीरों की सांसें थम गईं। बाद और इलाके में हड़कंप मच गया।

**जिसे चाहता है, उससे शादी नहीं हो पा रही**

जानकारी के अनुसार, युवक की पहचान सत्यम पुत्र पूरन सिंह, निवासी नगला प्रेमा के रूप में हुई है। बताया गया कि सत्यम का अपने बहनोई फौरन सिंह के पास आना-जाना था। वह किसी लड़की से शादी करना चाहता है, लेकिन संभवतः परिवार या सामाजिक कारणों से यह रिश्ता संभव नहीं हो पा रहा था। इसी अवसाद में वह हाईटेंशन लाइन के पोल पर चढ़ गया। जैसे ही युवक के हाईटेंशन लाइन के पोल पर चढ़ने की खबर पुलिस को मिली, मौके पर पहुंचकर सत्यम को समझा-बुझाकर नीचे उतारा गया।

**मोबाइल पर बात करता रहा युवक**

इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि युवक लाइन के खंभे पर चढ़ा हुआ है और मोबाइल फोन पर किसी से लगातार बात कर रहा है। आशंका जताई जा रही है कि वह संभवतः अपनी शादी को लेकर ही किसी से बात कर रहा था। इस दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई थी। फतेहाबाद पुलिस ने युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया।

**मोबाइल पर बात करता रहा युवक, पुलिस ने सुरक्षित उतारा**

जैसे ही युवक के हाईटेंशन लाइन के पोल पर चढ़ने की खबर पुलिस को मिली, फतेहाबाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि युवक खंभे पर चढ़ा हुआ है और मोबाइल फोन पर किसी से लगातार बात कर रहा है। आशंका जताई जा रही है कि वह संभवतः अपनी शादी को लेकर ही किसी से बात कर रहा था।इस दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सत्यम को समझा-बुझाकर सुरक्षित नीचे उतार लिया। इस घटना ने एक बार फिर प्रेम संबंधों और पारिवारिक दबाव के चलते युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव की ओर ध्यान खींचा है।

## ताश के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले पांच जुआरी गिरफ्तार



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** ताश पत्तों पर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले 05 अभियुक्तों को थाना सिकंदरा पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार. 22. जून को थाना सिकंदरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत गश्त/चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ताश के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले 05 अभियुक्त रोहतान पुत्र मोहन सिंह, राजपाल पुत्र घनश्याम, रण सिंह पुत्र तुलसी राम, धर्मेद्ध पुत्र धन सिंह व मुकेश पुत्र बिर्जू को जाटव बस्ती के पीछे रेलवे लाईन के किनारे खाली पड़े खेत से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 11,250/ रुपये व 52 ताश पत्ते बरामद हुये। पुलिस ने पकड़े गए सभी जुआरियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

**पकड़े गए जुआरियों में**

01. रोहतान पुत्र मोहन सिंह निवासी प्रधान वाली गली जाटव बस्ती ग्राम रुनकता थाना सिकन्दरा, आगरा ।

02. राजपाल पुत्र घनश्याम निवासी जाटव बस्ती ग्राम रुनकता थाना सिकन्दरा, आगरा ।

03. रण सिंह पुत्र तुलसी राम निवासी रसीदपुर थाना फतेहाबाद, आगरा हाल निवासी जाटब बस्ती ग्राम रुनकता थाना सिकन्दरा, आगरा ।

04. धर्मेंद्र पुत्र धन सिंह निवासी जाटव बस्ती ग्राम रुनकता, थाना सिकंदरा, आगरा ।

05. मुकेश पुत्र बिरजू निवासी जाटव बस्ती ग्राम रुनकता थाना सिकन्दरा, आगरा शामिल है।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी नीरज कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी रुनकता, नीलेश शर्मा, एसआई सुमित मलिक, एसआई अंकित तोमर एसआई दीपक कुमार एसआई अनोज कुमार, सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## पानी परात को हाथ न छुऔ नैनन के जल सौं पग धोए

**हाथरस।** गांव सिंघर्र सहजपुरा मार्ग स्थित श्री हनुमान जी मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भगवान श्री कृष्ण की रोचक कथाओं के साथ श्री श्री मलूकापीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेन्द्र दास देवाचार्य के कृपापात्र महंत कथा व्यास श्री प्रहलाद दास जी महाराज ने कथा के सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के मित्र सुदामा और राजा परीक्षित मोक्ष कथा का बडा ही मार्मिक और रोचक वर्णन किया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो अश्रु बहाने लगे। रविवार को कथा में कथा व्यास ने सुनाया कि जब सुदामा की हालत बहुत ही खराब हो गई तो उसकी पत्नी ने पडौस से चावल मांगकर सुदामा को दिए और भगवान कृष्ण के पास द्वारिका जाने को कहा। सुदामा जब द्वारिका भगवान के दरवाजे पर पहुंचे और श्रीकृष्ण को पता चला कि उनका मित्र सुदामा आया है तो वह नंगे सिर और पैर महलों से दौड लिए बाहर आकर सुदामा को गले लगाया और महल में जाकर आसन पर बैठाकर उनके पग धोने के लिए पानी मंगाया। तब सुदामा के पैरों को देखकर भगवान के नेत्रों से अश्रुओं की झडी लग गई। तब सूरदास जी ने लिखा कि देखि सुदामा की दीन दशा, करुणा करके करुणानिधि रोए । पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल से पग धोए॥ कथा श्रवण के दौरान गुरूजी सियाराम दास जी महाराज, परमानंद कठिया बाबा, रूदायन भट्टा श्री हनुमान जी मंदिर वाले राजू बाबा, एवं राजा परीक्षित की भूमिका में हरीसिंह मामा एवं उनकी पत्नी सुदेश देवी, तथा कुंवर कन्हैया सिंह तोमर प्रधान, पवन शर्मा बीडीसी, हरी सिंह, भोला, नागेन्द्र शर्मा, प्रवेश तोमर, धर्म सिंह तोमर, राजकुमार सिंह, सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद थे।

